
आपको इंजेक्शन की ज़रूरत
कब होती है?
में
डॉ सेफ्टी



# आपको इंजेक्शन की ज़रूरत कब होती है?

में

डॉ सेफ्टी

**आपको इंजेक्शन की ज़रूरत कब होती है?**

**ISBN: 978-65-87107-76-9**

**संपादकीय बोर्ड:** लैस जुंकेइरा, क्रिस्टीआने तवारेस, टियागो डलसिन, हेलेन हैस्केल, हुसैन जाफरी, रेजिना कामोगा।

**चित्रांकन:** पेड्रो डी लूना

**एल्सेवियर फाउंडेशन:** यलान स्केम, डोमिज़ियाना फ्रांसेस्कॉन और महा रान्नम

**प्रोजेक्ट मैनेजर:** लैस जुंकेइरा

अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए कृपया संपर्क करें:
एल्सेवियर फाउंडेशन
https://elsevierfoundation.org/
और
वर्ल्ड पेशेंट्स एलायंस
https://www.worldpatientsalliance.org/

चित्रकार से संपर्क करने के लिए कृपया लिखें:
Ilustrecomunicacao@gmail.com

क्या मुझे यह दवा लेनी चाहिए? © 2024 एल्सेवियर फाउंडेशन और वर्ल्ड पेशेंट्स एलायंस द्वारा प्रकाशित है और यह CC BY-NC-ND 4.0 लाइसेंस के अंतर्गत लाइसेंस प्राप्त है।
इस लाइसेंस की एक प्रति देखने के लिए कृपया जाएँ:
https://creativecommons.org/licenses/-by-nc-nd/4.0/

एल्जेवियर फाउंडेशन और वर्ल्ड पेशेंट्स एलायंस ने मिलकर रोगी की सुरक्षा को समर्पित बच्चों की एक प्रेरणादायक पुस्तक श्रृंखला शुरू की है।

इस पहल का उद्देश्य विद्यालय के बच्चों को रोगी के सुरक्षा की बुनियादी अवधारणाओं और सिद्धांतों से परिचित कराकर उनकी स्वास्थ्य साक्षरता को बढ़ावा देना है।

युवा पाठकों को शिक्षित करके, श्रृंखला एक ऐसी पीढ़ी को विकसित करने की आकांक्षा रखती है जो सुरक्षित देखभाल को महत्व देती है और उसका अभ्यास करती है।

इसके अलावा, जब बच्चे अपने नए ज्ञान को अपने परिवारों के साथ साझा करते हैं, तो इस पहल से समुदायों पर एक स्थायी सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है, जिससे व्यक्तियों को अपने दैनिक जीवन में रोगी की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का सामर्थ्य मिलेगा।

नमस्ते! मैं नीना हूं! मैं अपने पापा और अपने भाई ओमारी के साथ रहती हूं।


एक सुबह, मैं और ओमारी क्लिनिक में वैक्सीनेशन के लिए जाने की तैयारी कर रहे थे। लेकिन पापा थके हुए लग रहे थे और खाँस रहे थे।



– आप ठीक हैं, पापा?

– मैं रात को ठीक से सो नहीं पाया। लगता है मुझे सर्दी हो गई है।

– चिंता मत करो, पापा। जब हम इंजेक्शन के लिए क्लिनिक जाएंगे, तो हम उनसे आपके लिए भी एक इंजेक्शन लगाने को कह सकते हैं! मैं अपना बैग लेकर आती हूं, फिर हम निकलते हैं!



जैसे ही मैं अपना बैग लेने कमरे में गई, अचानक हरे रंग की रोशनी चमकी और मेरे सामने एक रहस्यमयी आकृति प्रकट हुई!


– नमस्ते नीना। मैं डॉक्टर सेफ़्टी हूं। मुझे पता है कि तुम अपने पापा की चिंता कर रही हो और मैं मदद करने आई हूं।

ओह, धन्यवाद डॉक्टर सेफ़्टी! उन्हें एक इंजेक्शन की ज़रूरत है।

– ओह नीना, यह आम सोच है! लेकिन हर बीमारी का इलाज इंजेक्शन नहीं होता।



क्लिनिक में आप जो इंजेक्शन ले रहे हैं उन्हें टीकाकरण कहते हैं।
जब हम टीकाकरण कर वाते हैं, तो हमें रोगाणु का एक छोटा,
हानिरहित अंश मिलता है, जो हमारे शरीर को सिखाता है कि
अगर वह रोगाणु दोबारा आए तोउ ससे कैसे लड़ना है।
इस तरह, टीकाकरण हमारे शरीर की सुरक्षा में मदद करते हैं,
जिससे हम स्वस्थ और मज़बूत बने रहते हैं।



– गोलियां और इंजेक्शन दोनों दवाइयां लेने के तरीके हैं, लेकिन ये अलग होते हैं। गोलियां पानी के साथ निगली जाती हैं, जो पेट में जाकर धीरे-धीरे असर करती हैं।

इंजेक्शन के ज़रिए दवा सुई के माध्यम से सीधे शरीर में डाली जाती है। जब दवा को तेज़ असर करना हो या उसे मुँह से न लिया जा सके, जैसे खसरा से बचाव के लिए वैक्सीन, तब इंजेक्शन लगाया जाता है।



– डॉक्टर या नर्स पहले आपकी त्वचा को साफ़ करेंगे और हमेशा एक नई, साफ़ सुई और सिरिंज का इस्तेमाल करेंगे। ये आपको संक्रमण से बचाने के लिए बहुत ज़रूरी हैं!

डॉक्टर सबसे अच्छा तरीका जानता है जिससे तुम्हारे पापा बेहतर महसूस करेंगे। कभी दवा, कभी इंजेक्शन, और कभी केवल आराम ही काफी होता है।



मुझे राहत महसूस हुई।

– धन्यवाद, डॉक्टर सेफ़्टी! क्लिनिक में हम डॉक्टर से कहेंगे कि पापा से बात करें और देखें कि उन्हें बेहतर महसूस करने के लिए क्या चाहिए।



अचानक, मुझे एक हरे प्रकाश ने घेर लिया और मेरी शर्ट पर एक चमकता बैज प्रकट हुआ।

– यह इंजेक्शन सेफ़्टी बैज है, नीना। सेफ़्टी लीग में तुम्हारा स्वागत है! जो तुमने सीखा है वो औरों को सिखाओ और सुरक्षित रहो!



और इसी के साथ, डॉक्टर सेफ़्टी गायब हो गईं।



मैंने अपना बैग उठाया और हम सब क्लिनिक के लिए निकल पड़े।

मेरा छोटा भाई वैक्सीन लगवाने को लेकर घबराया हुआ था।

– याद रखो, ओमारी, वैक्सीनेशन हमें स्वस्थ रखता है।

– लेकिन... अगर दर्द हुआ तो?

– यह बस एक हल्की सी चुभन होती है। फिर यह खत्म हो जाता है और हमें स्वस्थ रखता है!



नर्स ने ध्यान से मेरा पूरा नाम और जन्म तिथि, और वैक्सीन की शीशी का लेबल चेक किया ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि सही व्यक्ति को सही वैक्सीन दी जा रही है। फिर उसने हाथ धोए और नई, साफ़ सुई और सिरिंज का उपयोग किया।


– देखा? कितना आसान था!

ओमारी ने गहरी सांस ली और मेरा हाथ थाम लिया।

नर्स ने उसके लिए नई शीशी निकाली। उसका नाम और जन्म तिथि चेक किया, शीशी पर लेबल देखा, हाथ धोए और उसके लिए भी नई सुई और सिरिंज का इस्तेमाल किया। उसने हल्के से इंजेक्शन लगाया।

– बस इतना ही?

– हाँ, बस इतना ही!



अब डॉक्टर से पापा की जांच करवाने का समय था। डॉक्टर ने कहा

– आपको सर्दी हुई है। आपको इंजेक्शन की ज़रूरत नहीं है, और मुझे नहीं लगता कि गोलियों से भी कोई फायदा होगा। जो एंटीबायोटिक गोलियां हम बैक्टीरिया को मारने के लिए देते हैं, वो सर्दी में काम नहीं करतीं क्योंकि सर्दी वायरस से होती है। खूब पानी पिएं और आराम करें, कुछ दिनों में सर्दी ठीक हो जाएगी।

जब हम क्लिनिक से बाहर निकले, मैंने पापा से कहा:



मुझे खुशी है कि ओमारी और मैंने सीखा है कि कैसे  हमारे टीकाकरण हमें सुरक्षित रखते हैं और क्यों आप बिना किसी दवा के जल्द ही ठीक हो जाएँगे।

डॉक्टर सेफ्टी ने हम सभी की मदद की है!

– मैं तुम पर बहुत गर्व करता हूं, नीना, कि तुमने ओमारी को शांत किया जब वह डर गया था।

तुम सबसे अच्छी बड़ी बहन हो!



और इसी तरह मैंने इंजेक्शन के बारे में सीखा! तुम भी अपने ज्ञान को साझा करके दूसरों की मदद कर सकते हो। चलो करते हैं!





नीना अपने पापा और भाई ओमारी के साथ एक घर में रहती है। एक दिन, उसके पापा बीमार महसूस करते हुए उठे ! एक पल के लिए, नीना समझ नहीं पाई कि क्या करना है और पापा को बेहतर महसूस कराने में कैसे मदद करनी है।

उस दिन टीकाकरण का दिन था, इसलिए वह ओमारी के साथ क्लिनिक जा रही थी। उसने सोचा कि एक इंजेक्शन उसके पापा के लिए भी जल्दी से ठीक होने का तरीका होगा।

"इंजेक्शन ??" हमारे समझदार डॉक्टर सेफ्टी ने पूछा और नीना को इंजेक्शन और टीकाकरण के बारे में वह सारी बातें समझाईं जो उसे जाननी चाहिए थीं।

**क्या नीना के पापा को इंजेक्शन लगा?**

**गहरी साँस लो और इस किताब के पन्ने खोलकर पता लगाओ!**



World Patients Alliance

THE ELSEVIER FOUNDATION

Translated By
NATIONAL THALASSEMIA WELFARE SOCIETY